हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शनिवार 27 जून 2026



12 किसी घुसपैठिए को वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी...



12 नशे से दूर रह विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान: बेदी

## खबर संक्षेप

### जन परिवाद समिति की बैठक आज

**हिसार।** जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में 27 जून को 3 बजे आयोजित की जाएगी। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा करेंगे। बैठक में गत बैठकों के लंबित परिवाद के अलावा हाल ही में आमजन द्वारा दिए गए परिवादों को भी रखा जाएगा। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिन विभागों से संबंधित मामले बैठक में सूचीबद्ध हैं, उनके अधिकारी पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहें।

### महिला को 7.15 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा

**हिसार।** पुलिस की एंटी नारकोटिक टीम ने एक महिला को 7 ग्राम 150 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। प्रवक्ता के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम गश्त के दौरान गांव पातन क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर गांव में बबली नामक महिला को अपने मकान में अवैध रूप से हेरोइन बेचने की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी महिला के कब्जे से 7 ग्राम 150 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी महिला कॉस्मेटिक्स की दुकान चलाती है। आरोपी महिला ने पूछताछ में खुलासा किया कि बरामद हेरोइन उसे हिसार की अंबेडकर बस्ती निवासी सुमित उपलब्ध कराता था।

### आज और कल बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**हांसी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सिटी एसडीओ मोहनलाल जांगड़ा ने बताया कि 33 केवी दयाल सिंह कॉलोनी सब स्टेशन पर आवश्यक मरम्मत कार्य चलते 27 व 28 जून को सुबह 6 से 11 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान शहर हांसी के 11 केवी डडल पार्क, जगदीश कॉलोनी, कॉलेज रोड, सैनीपुरा, जागा बाड़ा फीडर व खेतों की सप्लाई बंद रहेगी।

### सीटीआई डिप्लोमा पूर्ण रूप से लागू किया जाए

**बरवाला।** प्रदेश के सीटीआई डिप्लोमा धारकों ने राज्य सरकार से मांग की है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुदेशक पदों पर भर्ती के लिए सीटीआई योग्यता को पूर्ण रूप से लागू किया जाए। उनका कहना है कि देश के अधिकांश राज्यों में अनुदेशक भर्ती में सीटीआई को आवश्यक योग्यता के रूप में लागू किया जा चुका है। जबकि हरियाणा में इसे अभी भी पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है। बेरोजगार सीटीआई डिप्लोमा धारकों का कहना है कि राज्य में बड़ी संख्या में प्रशिक्षित अभ्यर्थी रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उनका आरोप है कि सीटीआई योग्यता को प्राथमिकता न मिलने से योग्य अभ्यर्थियों के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है और तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है।

### ओशो ध्यान उपवन में मेडिटेशन कैंप 28 को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 28 जून को एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। मेडिटेशन के लाभ पर आधारित यह ध्यान शिविर प्रातः 8 बजे शुरू होगा और सायं 5 बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान विभिन्न सत्रों के माध्यम से साधकों को न केवल मेडिटेशन के लाभ समझाए जाएंगे बल्कि तनाव व चिंता दूर करने के उपाय भी साझा किए जाएंगे। मेडिटेशन कैंप के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि 28 जून के शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से साधक बढ़-चढकर हिस्सा लेंगे। इस दौरान उन्हें ध्यान की विभिन्न सरल विधियों से रूबरू करवाते हुए उनका अभ्यास करवाया जाएगा।

# टी-कनेक्शन के अलावा कोई वैकल्पिक प्रस्ताव मंजूर नहीं

## सीएम और धरना कमेटी सदस्यों की वार्ता को ग्रामीणों ने नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

- कमेटी ने 28 को बुलाई महापंचायत, महापंचायत में तय होगी आगे की रणनीति
- 37 सदस्यीय हुई धरना कमेटी, घिकाड़ा गांव की पंचायत ने मांगी माफी

भाखड़ा पाइपलाइन से टी-कनेक्शन की मांग को लेकर गांव चानौत में चल रहा ग्रामीणों का धरना शुक्रवार को 42वें दिन भी जारी रहा। चंडीगढ़ में गुरुवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ हुई वार्ता को लेकर शुक्रवार सुबह गांव की धर्मशाला में ग्रामीणों और धरना कमेटी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसमें ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावों को नकारते हुए आंदोलन को और तेज करने के आह्वान किया गया। ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि टी-कनेक्शन के अलावा कोई वैकल्पिक प्रस्ताव मंजूर नहीं। धरना कमेटी ने 28 जून को गांव में महा पंचायत बुलाई है। इस महापंचायत में आसपास के गांवों की पंचायतों, सभी किसान और सामाजिक संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। उधर, विभिन्न किसान संगठनों व खाप पंचायत प्रतिनिधियों ने पानी की मांग को लेकर दिए जा रहे धरना का समर्थन किया।



### 'टी कनेक्शन' की मूल मांग पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

धरना कमेटी सदस्यों की चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के साथ हुई मीटिंग को लेकर शुक्रवार सुबह ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा रखे गए प्रस्तावों को खारिज करते हुए सर्वसम्मति से तय किया गया कि गांव के लिए भाखड़ा पाइपलाइन में टी-कनेक्शन के अलावा कोई भी वैकल्पिक प्रस्ताव स्वीकार नहीं होगा। पंचायत ने स्पष्ट किया कि मूल मांग पूरी होने तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा। चंडीगढ़ में गुरुवार को धरना कमेटी सदस्यों की सीएम आवास पर हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा था कि अमृत-2 योजना की पाइपलाइन से कनेक्शन देना कानून के तहत संभव नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया था कि हिसार दौरे के दौरान चानौत गांव आएंगे और गांव की सभी समस्याओं का निराकरण सहित स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन ग्रामीण अपनी मूल मांग टी कनेक्शन पर अड़े हुए हैं। आंदोलन को संगठित बनाने के लिए शुक्रवार को धरना कमेटी का विस्तार किया गया है। पहले 11 और 21 सदस्यों वाली कमेटी में 5 अनशनकारियों को भी शामिल किया गया है। अब यह कमेटी 37 सदस्यीय हो गई है।

### सोमेश के कृत्य से पूरा गांव आहत

टी-कनेक्शन लगाने के दौरान मध्यस्थता करने वाले सोमेश शर्मा के गांव धिकाड़ा से पंचायत और बड़ी संख्या में ग्रामीण धरना स्थल पर पहुंचे। धिकाड़ा पंचायत ने मंच से चानौत के ग्रामीणों से माफी मांगी। पंचायत ने कहा कि एक व्यक्ति की गलती से पूरे गांव को शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सोमेश के कृत्य से पूरा गांव आहत हुआ है। चानौत में चल रहे आंदोलन को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। गांव चानौत की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया। घिराय और महजत की तरफ से आने वाले मार्ग पर पुलिस ने नाका लगाकर लोगों को रोकने का प्रयास किया। हालांकि, ग्रामीणों के विरोध के बाद पुलिस ने धरना स्थल तक जाने की अनुमति दे दी।

### सैनी साहब, बहानेबाजी न करें : दुष्यंत

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव चानौत में पीने के पानी के लिए चल रहे जल आंदोलन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने गुरुवार को ग्रामीणों और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की हुई बैठक के बाद सीएम के सामने आए बयान कि अमृत-1 व 2 योजना के तहत चानौत को टी नहीं दे सकते हैं को बहानेबाजी करार दिया और कहा कि ये कहां लिखा हुआ है कि अमृत 1 और 2 योजना के अंतर्गत टी नहीं दे सकते ? दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आप मुख्यमंत्री हैं और ग्रामीणों की मांगों को मानकर तुरंत इस मसले का समाधान निकालें।

### बैठक रही सकारात्मकः रणबीर गंगवा

**हांसी।** प्रदेश के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि चानौत गांव की पेयजल समस्या को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और धरना कमेटी के बीच हुई बैठक सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्णय लिया है कि चानौत गांव तक भाखड़ा नहर से अलग स्वतंत्र पाइपलाइन बिछाकर पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने गांव के विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की है व संबंधित अधिकारियों को तत्काल राशि जारी करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि हांसी शहर के लिए अमृत-2 योजना के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन से टी-कनेक्शन देकर पानी उपलब्ध कराना नियमों के विरुद्ध है, क्योंकि यह योजना केवल शहरी क्षेत्र के लिए है। मंत्री ने कहा कि भाखड़ा नहर से हांसी शहर के लिए बिछाई जा रही पाइपलाइन में अवैध कनेक्शन लगाने वाले कुछ लोगों की पहचान कर ली गई है। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, भाजपा जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया समेत कई पदाधिकारी व वर्कर थे।

# हाईकोर्ट की रोक के बावजूद रोडवेज अधिकारियों ने कटवा डाले लाखों के पेड़

**86 पेड़ काटे गए, 141 नए पौधे उखाड़े, लकड़ी खुर्द-बुर्द करके सरकार को पहुंचाई वित्तीय हानि**

**सीएम फ्लाइंग का रोडवेज कार्यशाला में छापा, बिना अनुमति पेड कटवाने का मामला आया सामने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा पेड़ों की कटाई पर लगाई गई रोक के बावजूद हिसार रोडवेज कार्यशाला में बड़ी संख्या में पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। इस संबंध में मिली शिकायत के बाद सीएम फ्लाइंग हिसार टीम ने शुक्रवार को कार्यशाला में छापेमारी करके जांच की। जांच के दौरान 86 पेड़ों की कटाई तथा 141 नए पौधों को उखाड़े जाने के साक्ष्य मिले। प्रारंभिक जांच में पेड़ों की लकड़ी को खुर्द-बुर्द किए जाने और सरकार को वित्तीय नुकसान पहुंचाने के भी तथ्य सामने आए हैं।

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में की गई छापेमार कार्रवाई के दौरान टीम में वन राजिक अधिकारी सूर्या, एसआई कृष्ण, एएसआई सुरेंद्र व हेड कांस्टेबल विजय सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि हरियाणा राज्य परिवहन हिसार की कार्यशाला में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा पेड़ों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद बड़ी संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं तथा उनकी लकड़ी को खुर्द-बुर्द कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत जांच की। निरीक्षण के दौरान कार्यशाला परिसर में 86 पेड़ों के कटे हुए ठूंठ (जड़ें) पाए गए, जिससे स्पष्ट हुआ कि पेड़ों की कटाई की गई है। इसके अलावा परिसर में लगाए गए 141 पोल साइज के नए पौधे भी उखड़े मिले। जांच में यह भी सामने आया कि काटे गए पेड़ों की लकड़ी का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। संबंधित ठेकेदार ने लकड़ी का मूल्य भी रोडवेज के खाते में जमा नहीं करवाया। वन विभाग के अधिकारियों ने जांच के दौरान बताया कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के अनुसार आगामी निर्देशों तक किसी भी सरकारी अथवा निजी स्थान पर बिना सक्षम अनुमति के किसी भी प्रकार के पेड़ों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। ऐसे में रोडवेज कार्यशाला में पेड़ों की कटाई और बड़ी संख्या में पौधों को उखाड़ना न्यायालय के आदेशों का प्रथम दृष्टया उल्लंघन प्रतीत होता है।





**हिसार।** रोडवेज कर्मशाला में काटे गए पेड़ों की जांच करते सीएम फ्लाइंग व वन विभाग के अधिकारी।

### वन विभाग से अनुमति से किया इनकार

जांच के दौरान जब रोडवेज महाप्रबंधक से पेड़ों की कटाई के संबंध में अनुमति पत्र मांगा गया तो उन्होंने बताया कि विभाग ने वन विभाग से अनुमति मांगी गई थी। हालांकि वन विभाग ने हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद मामले को लेकर चंडीगढ़ मुख्यालय को भी पत्र भेजा गया लेकिन वहां से भी पेड़ों की कटाई अथवा उखाड़ने की कोई अनुमति प्राप्त नहीं हुई। महाप्रबंधक ने यह भी बताया कि कार्यशाला में निर्माण कार्य का ठेका लेने वाली कंपनी द्वारा निर्माण कार्य के दौरान इन पेड़ों की कटाई की गई थी। फिलहाल पूरे मामले की जांच रिपोर्ट तैयार कर संबंधित उच्च अधिकारियों को आगामी कार्रवाई के लिए भेजी जा रही है।

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के अनुसार बिना अनुमति किसी भी प्रकार के पेड़ों की कटाई पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि कोई सरकारी या निजी संस्था इन आदेशों की अवहेलना करती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ये लगाए गए थे आरोप

कर्मशाला प्रांगण में पिछले लगभग डेढ़ माह से आंदोलन कर रही रोडवेज साझा संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, वन मंत्री, विभाग के उच्चाधिकारियों, सीएम फ्लाइंग, विजीलेंस व अन्य एजेंसियों को शिकायत भेजी थी। शिकायत में रोडवेज अधिकारियों पर लाखों के पेड़ काटने, लकड़ी खुर्द बुर्द करने, सरकार को वित्तीय हानि पहुंचाने सहित अन्य आरोप लगाए गए थे। बताया जा रहा है कि इसी शिकायत के आधार पर सीएम फ्लाइंग, वन विभाग व अन्य अधिकारी जांच के लिए पहुंचे।

### जीएम को फोन कर बुलाया

छापेमारी के दौरान यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार कार्यालय में पाए गए, वहीं डिपो महाप्रबंधक राहुल मित्तल लगभग डेढ़ बजे तक कार्यालय में ही नहीं पहुंचे थे, जिन्हें फोन करके बुलाया गया। मौके पर मौजूद यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार को टीम ने कटे पेड़ों की जांच व अन्य कार्रवाई के दौरान साथ रखा।

## फर्जी फेसबुक आईडी बना पेटवाड़ के किसान से 2.45 लाख ठगे

**नारनौंद।** साइबर ठगों ने गांव पेटवाड़ के एक किसान को उसके दोस्त की फर्जी फेसबुक आईडी के जरिए 2.45 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपित ने पहले दोस्त बनकर फेसबुक पर संपर्क किया और फिर डॉलर भेजने का झांसा देकर अलग-अलग बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बाद में असली दोस्त से जब किसान की बात हुई तो ठगी का खुलासा हुआ। पुलिस ने शिकायत के आधार पर साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पेटवाड़ निवासी अजय ने नारनौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 21 मई को फेसबुक चला रहा था। इसी दौरान उसे अपने परिचित की फेसबुक आईडी से मैसेज मिला। मैसेज भेजने वाले ने खुद को उसका दोस्त बताते हुए कहा कि वह उसके खाते में कुछ डॉलर भेज रहा है, लेकिन उसे तत्काल पैसों की जरूरत है। उसने कुछ बैंक खाते भेजकर उनमें रकम जमा करवाने को कहा।

अजय ने परिचित समझकर भरोसा कर लिया और बताए गए खातों में अलग-अलग माध्यमों से 2 लाख 45 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद जब आरोपी ने फिर से पैसों की मांग की तो उसे शक हुआ। इसके बाद उसने अपने दोस्त को फोन किया। तब पता चला कि उसके नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगी की जा रही है। उसके बाद पीड़ित ने बताया कि ठगी का पता चलते ही उसने अपने भाई को जानकारी दी। इसके बाद उसने साइबर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई गई और शिकायत का रिकॉर्ड भी पुलिस को सौंपा गया है। साइबर थाना हांसी पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद अज्ञात आरोपित युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

# पक्षियों को दाना डालने गई वृद्धा से सोने की चेन और झुमके छीन ले गए बदमाश

### शहर की नवदीप कॉलोनी में सुबह 6 बजे वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की नवदीप कॉलोनी में पक्षियों को दाना डालने गई बुजुर्ग महिला से बाइक सवार दो युवक सोने की चेन व कानों के झुमके छीनकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को दी शिकायत में नवदीप कॉलोनी के सियाराम नगर की रहने वाली 71 वर्षीय विद्या देवी ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह 6 बजे घर से घूमने व पक्षियों को डालने के लिए निकली थी।

वह पूर्व डिप्टी मेयर जयवीर गुर्जर के फार्म हाउस के पास पक्षियों को दाना डाल रही थी। इसी बीच दो युवक बाइक पर आए। उनमें से एक युवक ने पीछे से उसकी गर्दन पकड़ ली और दूसरे युवक ने उसकी तीन तोले की सोने की चेन और एक तोले के कानों के झुमके निकाल लिए।

इसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी गई है।



# रंगदारी मांगने, दो लाख रुपये लूटने व जानलेवा हमला करने में छह गिरफ्तार

**हिसार।** सदर थाना पुलिस ने हथियारों से हमला करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आरोपियों में बीड़ बबरान निवासी राजविन्द्र उर्फ रवि, भारत नगर निवासी विकास उर्फ मंसूरी, ठसका निवासी सोमबीर उर्फ हाड़ी, मंगाली आकलान निवासी प्रतीक, ठसका निवासी रवि उर्फ लाडू व पड़ाव चौक यादव मोहल्ला निवासी मयंक उर्फ पुंची शामिल है। फरार मुख्य आरोपी शमशेर उर्फ लालू सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस घटना में प्रयुक्त हथियारों, वाहनों तथा लूटी गई राशि की बरामदगी के लिए भी प्रयासरत है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक विनोद ने बताया कि मामले में इस संबंध में जिले के गांव ढ़ाणी बुखारी निवासी सुरेन्द्र ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार गत 24 जून की रात वह अपने साथी के साथ फॉर्च्यूनर गाड़ी में घर जा रहा था। हिसार कैंट के मुख्य द्वार के समीप दो गाड़ियों में सवार 8-10 युवकों ने उसकी गाड़ी को रोक लिया। आरोप है कि मुख्य आरोपी शमशेर उर्फ लालू व उसके साथियों ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए, पिस्तोल दिखाकर दो लाख रुपये छीन लिए तथा लाठी-डंडों और गंडासी से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घटना के दौरान डायल-112 पुलिस वाहन आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना के बाद केस दर्ज करके मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**कार्रवाई** स्वास्थ्य विभाग ने लोहारी राघो में मारा छापा

# 15 साल से चल रहा था फर्जी क्लीनिक छापे की भनक पा सभी झोलाछाप फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव लोहारी राघो में झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पुलिस ने मेडिकल ऑफिसर की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग को शिकायत मिली थी कि हांसी जिले के गांव लोहारी राघो में पिछले काफी सालों से झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक चला रहे है। वह यहां पर आने वाले मरीजों का उपचार करके उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने सिसाय सीएचसी के डॉ. जगदीप सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। जिसमें ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर डॉ अजय कुमार ने टीम के साथ मिलकर गांव लोहारी राघो में झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर छापेमारी की। जहां पर एक मरीज का उपचार करने के लिए ड्रिप लगाई गई थी और झोलाछाप डॉक्टर गुलशन कुमार अपने क्लीनिक से नदारद था। छापेमारी की सूचना मिलते ही आसपास के अन्य झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया और वह अपने अपने क्लिनिकों पर ताला जड़ कर भाग गए। मेडिकल आफिसर डॉ जगदीप सिंह की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए नारनौंद थाना पुलिस ने गांव लोहारी राघो निवासी झोलाछाप डॉ गुलशन कुमार पर केस दर्ज कर लिया है।

### मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी पुलिस

डॉ. जगदीप सिंह ने बताया कि गुलशन कुमार पिछले 15 सालों से गांव में ही प्रैक्टिस कर रहा है। पंजीकृत से संबंधित दस्तावेज मांगे तो वह कोई भी दस्तावेज डॉक्टरों की टीम के सामने प्रस्तुत नहीं कर पाया। उसके क्लीनिक से भारी मात्रा में उपचार में प्रयोग होने वाले मेडिकल उपकरण और एलोपैथिक दवाइयों की खरीद बिक्री से संबंधित कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाया। स्वास्थ्य विभाग की टीम में क्लीनिक में मिले मेडिकल उपकरण दवाइयां और अन्य दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया है। इस संबंध में जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ठगी के पैसे कमीशन पर कैश करवाने के दो आरोपी दबोचे

**हिसार।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर ठगी के पैसों के लेन-देन में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में साइबर थाना में दी शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके बैंक खाते में आए 26 हजार 500 रुपये पर साइबर धोखाधड़ी की शिकायत के चलते होल्ड लगा दिया गया। बाद में उसके तथा उसके रिश्तेदार के बैंक खातों में भी बड़ी राशि होल्ड कर दी गई। जांच में सामने आया कि उक्त राशि साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी हुई थी। जांच अधिकारी एएसआई राजाराम ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सिरसा जिले के गांव रामपुरा ढिल्लो निवासी पवन व रविकांत को गिरफ्तार किया।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपी मोबाइल एप के माध्यम से साइबर ठगी की रकम को कमीशन पर नकद करवाकर आगे भेजने का कार्य करते थे। इसके बदले वे कुल राशि का 6 प्रतिशत कमीशन प्राप्त करते थे। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि के दौरान साइबर ठगी के नेटवर्क, अन्य सहयोगियों, बैंक खातों, मोबाइल एप और पैसों के लेन-देन संबंधी महत्वपूर्ण तथ्यों की गहनता से जांच की जाएगी।



# जॉब सिक्योरिटी और लंबित मांगों को लेकर अग्रोहा मेडिकल में कर्मियों ने किया प्रदर्शन

***मेडिकल कॉलेज प्रशासन को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन***

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में ऑल हेल्थकेयर एंप्लाइज एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारियों ने जॉब सिक्योरिटी एवं अन्य लंबित मांगों के हल के लिए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने 15 जून तक जॉब सिक्योरिटी लागू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद इस संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे कर्मचारियों में असुरक्षा और निराशा का माहौल है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि जॉब सिक्योरिटी संबंधी आदेशों को 30 जून से पहले लागू किया जाए तथा पात्र कर्मचारियों को शीघ्र नियुक्ति पत्र जारी किए जाएं। साथ ही जॉब सिक्योरिटी का लाभ 15 अगस्त 2024 से प्रभावी मानते हुए सभी पात्र कर्मचारियों को वित्तीय लाभ और एरियर भी प्रदान किया जाए। कर्मचारियों ने जॉब सिक्योरिटी से जुड़ी लंबित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने और अन्य लंबित मांगों का भी समयबद्ध समाधान करने की मांग उठाई।



# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

लाइफ Style



# संचिता

## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई

माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बासु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती हैं, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।

मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौंवी कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'

## हॉलीवुड मसाला



# मिल्ड्रेड पियर्स से मिली थी पहचान

**नई दिल्ली।** ऑस्कर के लिए नॉमिनेटेड एक्ट्रेस ऐन ब्लाइथ का निधन हो गया है। वह 98 साल की थीं। उन्हें 1945 की क्लासिक फिल्म 'मिल्ड्रेड पियर्स' में जोन क्रॉफर्ड की चालाक बेटी 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 'वेदा' का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस' के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला। उस समय क्रॉफर्ड ने एमजीएम छोड़ दिया था, फिर भी उन्होंने खुद उस 16 साल की एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन टेस्ट में शामिल होकर ब्लाइथ को कास्ट करने का समर्थन किया।



# योलान्डा ने 62 साल की उम्र में की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल जीजी हदीदी और बेला हदीदी की मां योलान्डा किसी जमाने में भी खुद भी मॉडल रही थीं। हाल ही में उनकी सगाई की खबर सामने आई है। 62 साल की उम्र में वह तीसरी बार अपना घर बसाने वाली हैं। योलान्डा हदीद की सगाई की खबर ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। दरअसल, उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया से अब तक छिपाकर रखा था। खबर है कि उन्होंने बिजनेसमैन रैंडी केंड्रिक से सगाई की है। बता दें इससे पहले उन्होंने जोसेफ जिंगोली से सगाई की थी, लेकिन यह कुछ समय बाद टूट गई थी। रैंडी केंड्रिक ने इस सप्ताह के शुरुआत में योलान्डा को प्रपोज किया। योलान्डा ने भी उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया। इस सगाई की खबर ने अब फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दरअसल, अब तक रैंडी केंड्रिक और योलान्डा की डेटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। योलान्डा के मंगेतर रैंडी केंड्रिक रियल एस्टेट से जुड़े बिजनेसमैन हैं।



# तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल ज़िंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।



# तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन

**नई दिल्ली।** साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी।

## टीवी मसाला



# लोग कहते हैं अकेली रह जाओगी मुझे यही पसंद : मुनमुन

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खूबसूरत झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस वीडियो के साथ मुनमुन ने एक ऐसा कैप्शन लिखा, जिसने उनकी सोच साफ जाहिर कर दी। उन्होंने लिखा, 'लोग कहते हैं कि तुम हमेशा अकेली रह जाओगी और मेरा जवाब है- बहुत बढ़िया, मुझे यही पसंद है।' उन्होंने कहा- मैंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया है और मैं इसे किसी और तरीके से नहीं जीना चाहती। वीडियो में मुनमुन अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए, नई चीजें सीखते हुए और हर पल का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। उन्हें घूमने-फिरने का काफी शौक है और वह अक्सर विदेश यात्राओं की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इस ट्रैवल वीडियो में समुद्र किनारे बिताए पल, बोट राइड, रेगिस्तान की सैर, खूबसूरत नजारे और एडवेंचर से जुड़ी कई यादगार झलकियां देखने को मिलती हैं। इसके अलावा मुनमुन ट्रेकिंग करती, नए लोगों से मिलती, सड़क पर डांस करती और अलग-अलग संस्कृतियों को करीब से जानती भी नजर आईं। पोस्ट शेयर होते ही फैंस ने खूब प्यार बरसाया। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'सबसे प्यारी और सबसे खुश।' इससे पहले रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से जुड़ी कई बातें शेयर की थीं।

## बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी

**नई दिल्ली।** अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई, तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है। एक बातचीत में उन्होंने कॉमेडी के बदलते स्वरूप पर दो टूक राय दी। कहा, 'जैसे-जैसे दौर बदलता है, वैसे-वैसे कॉमेडी भी बदलती है। जब 'कॉमेडी सर्कस' शुरू हुआ तो बहुत लंबा चला। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वही चीज आज उतना चल पाएगी, क्योंकि आखिर आप कितनी चीजें क्रिएट करोगे।' अली असगर मानते हैं कि समय के साथ ही ऑडियंस भी जल्दी ऊब जाती है। अब दर्शकों का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अब इंस्टाग्राम रील्स वगैरह के कारण 15-30 सेकंड तक या ज्यादा से ज्यादा 1 मिनट तक ही आप दर्शकों को रोक सकते हैं।



# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है। उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है। इस केस में काजल अग्रवाल का किरदार अर्चना पेस्टिसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ लड़ाई करती नजर आती हैं। टीजर के आखिर में एक चौंकाने वाला सीन भी है, जहां प्रदर्शन के बीच एक महिला काजल अग्रवाल को थप्पड़ मार देती है। यह फिल्म पेस्टिसाइड और खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे को सामने लाती है और दिखाती है कि कैसे यह धीरे-धीरे हमारी सेहत और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है।

# 1952 में छपा हिंदी उपन्यास, 1992 में बनी फिल्म

## मानेक मुल्ला को हुआ जमुना, सत्ती, लिली से प्यार, जीता नेशनल अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।



### उपन्यास से पर्दे तक का दिलचस्प सफर

हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्पलेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया। यही वजह रही कि फिल्म को 1993 में बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। फिल्म में रजित कपूर, राजेश्वरी सचदेव, पल्लवी जोशी, नीना गुप्ता, अमरीश पुरी और रघुवीर यादव जैसे कलाकार नजर आए।

### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं।फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है।

## 70 साल पहले हिट हुई थी यह क्लासिक फिल्म


# किशोर का गाना सुनकर डर गए थे दूल्हे, सिंगर ने दी थी चेतावनी!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर किशोर कुमार न सिर्फ अपनी दमदार आवाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी एक्टिंग के भी फैंस दीवाने रहे। इस बात में कोई शक नहीं कि किशोर कुमार एक वर्सटाइल एक्टर थे। अपने कॅरियर में किशोर ने कई सुपरहिट फिल्में और कई आईकॉनिक गाने दिए हैं। किशोर कुमार को लेकर इंडस्ट्री में न जानें कितने किस्से भरे पड़े हैं। उनके हर गाने के साथ-साथ कोई न कोई मजेदार किस्सा जुड़ा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं 70 साल पहले किशोर कुमार का एक ऐसा गाना था, जिसे सुनकर दूल्हे डर गए थे।

### ये है वो गाना

हम बात कर हरे हैं साल 1956 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म 'परिवार' की। इस फिल्म में किशोर कुमार ने एक्टिंग करने के साथ ही इसके सभी गानों को अपनी आवाज दी थी। वहीं, हम इस फिल्म के जिस गाने की बात रहे हैं वो गाना है 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना'। इस गाने में किशोर कुमार ने दूल्हों और कुंवारों को चेतावनी दी थी कि भले ही कुएं में डूबकर मरना पड़े, लेकिन किसी भी हाल में शादी मत करना।



### 21 बार बदली थी अपनी आवाज

'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' इस मजेदार गाने को संगीतकार सलिल चौधरी ने कंपोज किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस आइकॉनिक ट्रैक में किशोर कुमार ने मेल और फीमेल के अलावा 21 अलग-अलग वैरिएशन दिए थे। इस 8 मिनट से ज्यादा के गाने 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' में किशोर कुमार ने अलग-अलग किरदारों और भावनाओं को दिखाने के लिए अपनी आवाज में 21 बार (या उससे अधिक) बार बदलाव किए थे।

### चार्टबस्टर था ये गाना

साथ ही बताया था कि शादी करने के बाद क्या-क्या मुसीबतें उनके गले पड़ेंगी। इस गाने ने उस दौर में लोगों पर खासा प्रभाव डाला था। साल 1956 में जब ये गाना आया था, जब ये काफी समय तक दोस्तों की शादियों में दूल्हे की टांग खींचने के लिए उनसे दोस्त उसे सुनाते थे और खूब मस्ती मजाक करते थे। आज भी ये गाना शादियों में अक्सर सुनने को मिलता है। ये गाना उस दौर के चार्टबस्टर हुआ था।

### शैलेंद्र ने लिखे थे गाने के बोल

शैलेंद्र द्वारा लिखे गए इस गाने में किशोर दा ने कभी बच्चे की आवाज, कभी बूढ़े की आवाज, तो कभी रोने और गिड़गिड़ाने जैसी कई हास्यपूर्ण आवाजों का इस्तेमाल करके संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बता दें कि यह गाना किशोर कुमार की बेहतरीन गायकी और वॉयस मॉड्यूलेशन का एक शानदार नमूना है।

### परिवार फिल्म के बारे में

परिवार फिल्म में किशोर कुमार के अलावा दुर्गा खोटे, सज्जन लाल पुरोहित, सुलोचना लाटकर, ऊषा किरण जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में थे। कहानी की बात करें तो इसमें एक ज्वाइंट फैमिली दिखाई गई थी, जिसमें चार भाई, उनकी पत्नियां और उनके बच्चे शामिल हैं। ये भी एक ही छत के नीचे रहते हैं। उनमें से कोई भाई एक वकील, एक डॉक्टर और दूसरे व्यवसायी हैं। वे एक खुशहाल परिवार हैं, जो रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख साझा करते हैं। फिर एक दिन, एक गिलास दूध को लेकर बहस शुरू हो जाती है और पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### श्याम बाबा के दर्शन कर अभिभूत हुए श्रद्धालु

**हिसार।** महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 11 दिवसीय अखंड ज्योति अनुष्ठान विधि-विधान के साथ पूर्णाहुति से संपन्न हुआ। बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा ने जनकल्याण के निमित अपनी हथेली पर श्याम बाबा की जोत को जागृत किया और 11 दिनों तक इस आलौकिक जोत के दर्शनों के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। अखंड ज्योति अनुष्ठान के अंतर्गत आयोजित किए गए श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ व संकीर्तन में भजन गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करके भावविभोर कर दिया।

### गो नस्ल सुधार व रिसर्च सेंटर का भूमि पूजन

**हिसार।** गौ सेवा, गौ संरक्षण एवं देशी गौ नस्लों के संवर्धन को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में गांव बालावास में गौपुत्र संपत सिंह की जयंती के अवसर पर गौपुत्र संपत सिंह मैमोरियल गौ नस्ल सुधार एवं रिसर्च सेंटर का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर हवन-यज्ञ तथा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गौ सेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर गौ संरक्षण के इस अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### लंबित मामलों की हुई समीक्षा बैठक

**हिसार ।** जन संवाद पोर्टल एवं सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों की समीक्षा को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने शुक्रवार को आयोजित एक बैठक में अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक से पूर्व अभिलेखागार विभाग के आयुक्त एवं सचिव साकेत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जनसंवाद की साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के उपरांत उपायुक्त ने जिला अधिकारियों के साथ लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की।

### एक लाख की ठगी पर स्वतः ई-जीरो एफआईआर

**हांसी।** साइबर ठगी के मामलों में पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस ने नई व्यवस्था लागू की है। अब एक लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत पर स्वतः ई-जीरो एफआईआर दर्ज की जाएगी। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना और पीड़ितों को शीघ्र कानूनी राहत उपलब्ध कराना है।

### 9 पात्रों को सौंपे 13.50 लाख रुपये के चेक

**हांसी।** मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में 9 पात्र लाभार्थियों को 13 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश धवन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर लाभार्थियों को चेक सौंपे। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी सचिव बसाऊ राम, सहायक सचिव सोनिया बन्दा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बारस पर नई सब्जी मंडी में लगाया 44वां भंडारा

**हिसार।** श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की टीम ने बारस पर नई सब्जी मंडी में 44वां मासिक भंडारा लगाया। भंडारे की शुरुआत वरिष्ठ सदस्य प्रदीप गोयल व प्रवीण सहारण द्वारा भोग लगवाकर की गई। इस दौरान मंडल के प्रधान सुरेन्द्र बालान का केक काट कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के कोषाध्यक्ष अरुण सेठी, रामगोपाल कुकड़ेजा, हैप्पी सैनी, डॉ. संजय सैनी, राजेंद्र सैनी, डॉक्टर मोहित, हैप्पी बालान, विजय बालान, गुलशन गाबा, अशोक वर्मा, तेजपाल, कुश कुकड़ेजा, पारूल उपस्थित रहे।

## नगर निकाय एवं एचएसवीपी क्षेत्रों में संचालित प्रतिष्ठानों पर रहेगी सख्त नजर

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने नगर निकाय तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की सीमाओं में स्थित ऐसे संवेदनशील भूखंडों को चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं, जहां पीजी, गेस्ट हाउस, कोचिंग संस्थान, नर्सिंग होम, अस्पताल अथवा अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गठित निरीक्षण दल ऐसे सभी प्रतिष्ठानों का विस्तृत सर्वेक्षण कर आवश्यक जानकारी एकत्रित करें। इस दौरान संबंधित प्लॉट संख्या, सेक्टर, संचालक का नाम तथा वहां संचालित गतिविधि का प्रकार दर्ज किया जाएगा, ताकि प्रत्येक स्थान का समुचित रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इन सभी संस्थानों में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध उपलब्ध हों। विशेष रूप से वैकल्पिक निकास (इमरजेंसी एग्जिट), अग्नि सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों और प्रावधानों की गहन जांच की जाएगी। उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि निरीक्षण के दौरान किसी प्रतिष्ठान में निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ इस अभियान को गंभीरता से पूरा करें।



हिसार। बैठक की अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

## 30 से पहले जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करें अफसर

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने मानसून के दौरान संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को 30 जून से पहले जिले की सभी प्रमुख ड्रेनों तथा जलभराव संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के बाद वरिष्ठ अधिकारी पुनः स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। उपायुक्त ने बताया कि बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति पर प्रभावी निगरानी के लिए प्रत्येक आईएएस एवं एचसीएस अधिकारी को पांच-पांच किलोमीटर क्षेत्र (पैच) की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। संबंधित अधिकारी अपने निर्धारित क्षेत्र में जल निकासी प्रबंधों की नियमित निगरानी करेंगे तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ के पानी की निकासी के लिए लगाए गए पंप सेट, साइफन पंप, डीडी पंप सेट तथा अन्य जल निकासी उपकरणों की कार्यशीलता की पूरी तरह जांच कर ली जाए। साथ ही सभी ड्रेनों की सफाई, गाद निकासी तथा कचरा एवं अन्य अवरोधों को 30 जून से पहले हर हाल में हटाया जाए, ताकि वर्षा के दौरान जल निकासी में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

- निर्धारित समय सीमा के बाद वरिष्ठ अधिकारी पुनः स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे

## मांगें पूरी नहीं हुईं तो कर्मी तेज करेंगे आंदोलन : बूरा



**बरवाला।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के आह्वान पर थर्मल खेदड़ यूनिट और थर्मल कर्मचारियों द्वारा सरकार व मैनेजमेंट पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट खेदड़ के प्रांगण में दूसरे दिन भी एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता पूर्व प्रधान राम भगत बूरा ने की और मंच का संचालन सचिव सुरेश सैनी ने किया। इन प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान राम भगत बूरा ने कहा कि सरकार व थर्मल प्रशासन ने हरियाणा बिजली उत्पादन निगम व अन्य बिजली निगमो के कर्मचारियों की जायज मांगों को नहीं माना। इसलिए केंद्रीय परिषद ने सरकार एवं मैनेजमेंट का विरोध करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की हठधर्मिता के विरोध में प्रदर्शन जारी रहेगा और 30 जून को थर्मल खेदड़ के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया जाएगा। फिर भी सरकार नहीं मानी तो 2 जुलाई को बिजली मंत्री का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय परिषद में उपप्रधान दलजीत पंघाल, यूनिट प्रधान राजवीर सोनी, शिव कुमार, सत्यवान खटकड़, कृष्ण नैन, दीपक सहरावत, दीपक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

## अष्टांग योग स्वस्थ जीवन का आधार : मलिक

**हांसी।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा आर्य समाज मंदिर, हांसी में संचालित नियमित प्रातःकालीन योग कक्षा में शुक्रवार को आर्य समाज मंदिर के प्रधान सत्यपाल मलिक एवं वैदिक विद्वान सत्यदेव शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पतंजलि योग परिवार की ओर से दोनों अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर तथा 'ॐ' स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर वैदिक विद्वान सत्यदेव शास्त्री ने अष्टांग योग के आठ अंग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि का विस्तार से वर्णन किया। आर्य समाज मंदिर के प्रधान सत्यपाल मलिक ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

## फैमिली आईडी में फर्जी जमीन चढ़ा योजनाओं से किया जा रहा वंचित



**उकलाना।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन की ओर से शुक्रवार को बीडीपीओ कार्यालय उकलाना के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने की अध्यक्षता सरोज देवी व दिलवाग किनाला ने संयुक्त रूप से की। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव रोहतास राजली ने आरोप लगाया कि फैमिली आईडी में फर्जी जमीन, वाहन और रोजगार विवरण दर्ज कर गरीब परिवारों को पेंशन, राशन व अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने मनरेगा कार्य शीघ्र शुरू करने, 200 दिन रोजगार और 700 रुपये दैनिक मजदूरी देने की मांग उठाई। यूनियन नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित किस्तें जारी करने तथा पात्र गरीबों को आवासीय प्लॉट देने की मांग भी की। धरने के बाद राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन बीडीपीओ ऋषि गोयल के माध्यम से सौंपा गया। इस अवसर पर मियां सिंह, रिंकू वर्मा, मोहनलाल राजली, पालेराम कंडूल, जयपाल सूरेवाला, बंसीराम, बादल सिंह, इंदर सिंह, रामरती, प्रवीण पावड़ा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## नशा छोड़ने के लिए इच्छाशक्ति जरूरी

**हांसी ।** विश्व नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर विश्वास नशा मुक्ति एवं पुनर्वास समिति के परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान ने कहा कि नशे की लत छोड़ना आसान नहीं होता, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति, परिवार के सहयोग और समाज के समर्थन से इस बुराई पर विजय पाई जा सकती है। इस अवसर पर विश्वास नशा मुक्ति एवं पुनर्वास समिति के अध्यक्ष रामअवतार, सचिव माधो सिंह, काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट मनीषा, पुनर्वास काउंसलर भारत भूषण, आईसीटीसी काउंसलर कविता मोर, टीबी विभाग से सुशील मोर, सहायक प्रोफेसर अक्षय लोहान, डॉ. साहिल, डॉ. विजय यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विद्युत कर्मचारी 2 जुलाई को घेरेंगे बिजली मंत्री अनिल विज का आवास

### हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड वर्कर्स यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजगढ़ रोड स्थित बिजली निगम प्रांगण में हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्ज़ यूनियन शुक्रवार की को विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता संयुक्त रूप से यूनिटनंबर 2 प्रधान दिनेश गिल एवं यूनिट नंबर वन प्रधान शमशेर यादव ने की, जबकि मंच संचालन सचिव महेंद्र डूडी एवं श्री वेदपाल ने किया। बैठक में विशेष रूप से स्टेट डिप्टी चीफ ऑर्गेनाइजेशन प्रदीप लौरा, एपीएस साधु राम डूडी व राजमंदिर शर्मा उपस्थित रहे।

प्रदीप लौरा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन निगम अधिकारियों एवं प्रबंधन के साथ अनेक दौर की वार्ताएं कर चुकी है, लेकिन कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए अब सरकार के साथ सीधी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर बिजली कर्मी 2 जुलाई को बिजली मंत्री अनिल विज के आवास का घेराव करेंगे। यूनिट प्रधान दिनेश गिल व शमशेर यादव ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर नीति, कर्मचारियों की भारी कमी, लंबित मांगों तथा कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ चल रहा आंदोलन आने वाले समय में और तेज किया जाएगा।



हिसार। धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में मुख्य रूप से संजय पंघल, राजेश जैन, लेखाकार ऋतु ढुल, सुमन बाला, सिमरन, विकास, राकेश करेला, राकेश रायपुर, संदीप शर्मा, सुभाष लौरा, अनिल शर्मा, अनिल राखी आदि उपस्थित रहे।

## स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर सख्ती

**हिसार।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी अभियान के तहत एएसआई राहुल पंवार ने ऑटो मार्केट में निरीक्षण के दौरान खुले में कचरा फेंकने वाले दो दुकानदारों के 500-500 रुपये के चालान किए। वहीं, पूजा मार्केट के पीछे एएसआई विजेता ने एक दुकानदार तथा काठमंडी क्षेत्र में एएसआई सरोज ने एक अन्य दुकानदार का डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के दौरान गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण नहीं करने पर 200-200 रुपये का चालान किया। निगम ने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे खुले में कचरा न डालें तथा गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखकर ही डोर-टू-डोर कलेक्शन टीम को सौंपें। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ अभियान चलेगा।

## डस्टबिन नहीं रखने वाले रेहड़ी वालों के काटे चालान



**हांसी।** शहर को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखने के उद्देश्य से नगर परिषद ने शुक्रवार को विशेष अभियान चलाते हुए देवीलाल मार्केट और बस स्टैंड क्षेत्र में रेहड़ी संचालकों की जांच की। अभियान के दौरान जिन रेहड़ी संचालकों के पास कचरा एकत्र करने के लिए डस्टबिन नहीं मिला, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार रेहड़ी संचालकों के चालान किए गए। प्रत्येक चालान 500 रुपये का काटा गया। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि शहर में स्वच्छता बनाए रखना सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। रेहड़ी एवं फड़ी संचालकों को पहले भी निर्देश दिए जा चुके हैं कि वे अपने आसपास साफ-सफाई रखें और कचरा इधर-उधर न फैलने दें। इसी उद्देश्य से प्रत्येक रेहड़ी पर डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है।

# मदनहेड़ी में सवा करोड़ रुपये से विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के मार्गदर्शन में जिला परिषद हिसार के चेयरमैन सोनू सिहाग द्वारा वार्ड नंबर-26 के अंतर्गत गांव मदनहेड़ी में लगभग 1.16 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जल्द ही इस गांव की सूरत बदलने का काम किया जाएगा। भविष्य में भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। ग्रामीणों ने जिला परिषद के चेयरमैन सोनू डाटा ओर पार्षद राजेंद्र चहल का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इन विकास कार्यों में तालाबों पर गज़ीबो (बैठक स्थल) का निर्माण, खाल (मोगा) का निर्माण, विभिन्न स्थानों पर ईंटों से रास्तों का निर्माण, हेडिया वाले तालाब से ड्रेन तक पीवीसी पाइपलाइन बिछाना, स्टेडियम की बाउंड्री वॉल एवं मरम्मत कार्य, स्टेडियम से पूर्व सरपंच किशन के घर तक गली का निर्माण तथा आउटडोर जिम की स्थापना सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। इनमें कुछ कार्यों का लोकार्पण तथा कुछ कार्यों का शिलान्यास किया गया।



इस अवसर पर जिला परिषद हिसार के चेयरमैन सोनू सिहाग ने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के मार्गदर्शन में क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उनका उद्देश्य गांवों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र चहल, बास मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर, मंडल अध्यक्ष सोनू सैनी, अंकित चहल, जयवीर साहू, ईश्वर धानिया, कालू जागड़ा, महाबीर मोर, धर्मबीर चहल, सरपंच प्रदीप पूनिया, विनोद सरपंच बास, सुनील बास बिट्टू चहल, नरेंद्र चहल, पूर्व सरपंच हवा सिंह चहल सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन

**आदमपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय मंडी आदमपुर में आयोजित 21 दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण एवं योग शिविर का हवन-यज्ञ, सम्मान समारोह एवं प्रशस्ति-पत्र वितरण के साथ भव्य समापन हुआ। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ध्यान, षट्कर्म एवं प्राकृतिक जीवनशैली का नियमित अभ्यास कराया गया। समापन अवसर पर योगाचार्य राकेश कुमार ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, समृद्ध और नशामुक्त समाज निर्माण की आधारशिला है। इस मौके पर समाजसेवी प्रदीप बेनीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि योग जीवन जीने की श्रेष्ठ कला है और प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज को भी योग से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम की सफलता में प्रदीप बेनीवाल, प्रोमिला खीचड़, सुनीता, विनीत, अनिल, दलीप जांगड़ा, सुशीला, मंजू, सुमन सहित अनेक योग साधकों, सहयोगी शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों का विशेष योगदान रहा।



### पक्षियों के लिए पार्क में लगाए पानी के सकोरे

**हिसार।** भारत विकास परिषद की भारत विकास परिषद चन्द्रशेखर आजाद शाखा द्वारा सेक्टर 16-17 स्थित सद्भावना पार्क में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पेड़ों पर पानी के सकोरे लगाए गए। इस सेवा कार्य का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाना तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देना रहा। शाखा के सदस्यों ने नियमित रूप से सकोरों में पक्षियों में पानी भरने का भी निर्णय लिया। इस अवसर पर शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस अभियान में भाग लिया और अधिक से अधिक लोगों से अपने घरों, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी एवं दाना रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नरेश भारद्वाज शाखा अध्यक्ष, धीरज शर्मा सचिव, रोहताश कुमार कोषाध्यक्ष सदस्य आचार्य पवन वत्स, सुनील दत्त, नफे सिंह, सुरेंद्र मधु, चुन्नीलाल, अशोक शर्मा, मुकेश रानी, राजकुमार तनेजा, जोगीराम आदि मौजूद थे।



### श्याम बाबा का श्रृंगार देख श्रद्धालु हुए मुग्ध

**हिसार।** द्वादशी के पावन अवसर पर श्री श्याम मंदिर, सेक्टर 16-17, हिसार में प्रभु श्री श्याम का भव्य आम मनोरथ श्रृंगार श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस विशेष श्रृंगार के लिए लगभग सवा क्विंटल आम का उपयोग किया गया, जिससे मंदिर का वातावरण अत्यंत मनोहारी एवं भक्तिमय हो गया। मंदिर समिति के प्रधान दिनेश बिंदल एवं उपप्रधान त्रिलोक बंसल ने बताया कि आम से सुसज्जित बाबा का दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा इस अद्भुत श्रृंगार की सराहना की। उन्होंने बताया कि श्रृंगार में उपयोग किए गए आमों को प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा।



### स्थानांतरण पर निगमायुक्त नीरज को दी विदाई

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के स्थानांतरण हो गया है। अब उनकी नियुक्ति फरीदाबाद में हरियाणा शहरी विकास विकास प्राधिकरण में बतौर प्रशासक के पद पर हुई है। निगमायुक्त नीरज ने 5 नवंबर 2024 को नगर निगम में निगमायुक्त का कार्यभार संभाला था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए लगातार कार्य किए। उनके स्थानांतरण के अवसर पर नगर निगम के मुख्य सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र वर्मा ने किया। समारोह में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई कर्मपाल सिंधू, एमई अमित बेरवाल, एमई सुनील लांबा, सीनियर अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा, अकाउंट ऑफिसर राधेश्याम, डिप्टी डायरेक्टर ऑडिट जयभगवान, एपीओ सुनील वर्मा, जेई, एसआई, एएसआई सहित कर्मचारी और यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।



### एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने एम.ए. हिंदी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि योगिता ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान तथा काफी ने 95.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के शीर्ष दो स्थानों पर गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय, हिसार के विद्यार्थियों का रहना महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि 87.50 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 15 विद्यार्थियों में से 12 विद्यार्थी गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के हैं। इनमें किरण 91.70, कोमल 90.80, रूपेश 89.20, नरेश सिंह 89.20, आरजू 89.20, पुष्पा 88.30, सुमिस्ता 88.30, अंजलि 88.30, मुस्कान 87.50 तथा सोनिया 87.50 फीसद शामिल हैं।





### बाल संस्कार शिविर में मिला प्रशंसा पत्र

**बरवाला।** भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा एवं रागनी आर्ट्स, बरवाला के संयुक्त तत्वावधान में ब्राह्मण धर्मशाला के प्रांगण में आयोजित रंगोत्सव एवं बाल संस्कार शिविर के अंतिम दिन का शुभारंभ मास्टर सूरजमल दलाल एवं रंगोली मास्टर ट्रेनर एवं कला विशेषज्ञ सोनिका द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस शिविर के दौरान मीरपुर से कला विशेषज्ञ सोनिका ने बच्चों को रंगोली की कलात्मक तकनीकों, रंगों के संयोजन, विभिन्न डिजाइनों एवं भारतीय लोक संस्कृति में रंगोली के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशंसा पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### सब डिवीजन गंगवा की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**हिसार।** ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के बैनर तले सब डिविजन गंगवा प्रांगण में यूनिट की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान विकास शर्मा ने की और संचालन यूनिट प्रधान विजेन्द्र पूनिया ने किया। सब यूनिट प्रधान विकास शर्मा ने भी सम्बोधित किया। बैठक के दौरान कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान राज्य प्रेस सचिव दलीप सोनी, सर्कल सचिव औम प्रकाश वर्मा, यूनिट प्रधान विजेन्द्र पूनिया, वरिष्ठ उपप्रधान कैलाश व सह सचिव विनोद पूनिया आदि मौजूद थे।

### पुलिस लाइन में जागरूकता कार्यक्रम

**हांसी।** अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों तथा एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की डॉक्टरों की टीम एवं फार्मासिस्ट अमरजीत ने अधिकारियों और कर्मचारियों को एचआईवी/एड्स, नशे के दुष्परिणाम, नशा मुक्ति तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस लाइन प्रबंधक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, मुख्य ड्रिल इंस्ट्रक्टर राजवीर कुमार सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सरसौद में किया प्राचीन कुएं का जीर्णोद्धार

**हिसार।** दिव्य देव स्थानम, सरसौद में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर एकादशी व्रत कथा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। गांव के प्राचीन एवं सार्वजनिक कुएं का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने पर उसका पुनः लोकार्पण ग्राम सरसौद की सरपंच सुनीता भ्याण ने विधिवत रुप से किया। इस अवसर पर पंडित गणेश शास्त्री ने एकादशी व्रत की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म एवं सत्कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मनोहर लाल ज्ञानी देवी जनकल्याण सोसायटी के पदाधिकारी हनुमान गोयल, ललित कुमार गोयल, त्रिलोक चन्द गोयल, महावीर प्रसाद गोयल, कपीस गोयल, राजेश गोयल, विकास गोयल, नवीन गोयल, सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप भ्याण एवं अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सरेआम सट्टा खाईवाली करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए-1 ने कार्रवाई करते हुए सट्टा खाईवाली कर रहे एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सिसाय पुल निवासी ओमप्रकाश के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही मनोज ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान सीआईए-1 की टीम को सूचना मिली कि नेहरू कॉलेज के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा खाईवाली का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शक के आधार पर आरोपी ओमप्रकाश की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, एक बॉल पेन और 20,200 रुपये नकदी बरामद की गई।

### अवैध शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम गश्त के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर गांव लांधड़ी रोड के पास मौजूद थी। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर गांव लांधड़ी निवासी नरेश को अपनी दुकान में अवैध शराब रखे हुए काबू किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी मौके पर गत्ते की पेटी के साथ बैठा मिला। पुलिस को देखकर उसने पेटी उठाकर जाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान नरेश के रूप में बताई। तलाशी लेने पर गत्ते की पेटी से 12 बोतल देशी शराब बरामद हुई।

## गुजवि में राज्य स्तरीय नशा मुक्त भारत पखवाड़ा संपन्न

# नशे से दूर रह विकसित भारत के निर्माण में दें योगदानः बेदी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय नशा मुक्त भारत पखवाड़ा का समापन समारोह शुक्रवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सतेंद्र नाथ बोस सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनें तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि नशा कोई आदत नहीं, बल्कि यह एक प्रकार की बीमारी है, जिसका शत प्रतिशत इलाज संभव है।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

### रील से युवा पीढ़ी को भटका रहा नशा और गन कल्चर

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज से 10-15 वर्ष पूर्व हुक्के का चलन लगभग समाप्त हो गया था, लेकिन अब दोबारा से इसका प्रभाव बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया की रील के माध्यम से नशा और गन कल्चर युवा पीढ़ी को भटका रहा है। इससे न केवल हरियाणा बल्कि पंजाब और दिल्ली राज्यों के युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। इसलिए समय रहते इस समस्या को खत्म करने के लिए सरकार और अधिक प्रभावी रणनीति के तहत काम कर रही है।

### नशे की रोकथाम को लेकर शपथ दिलाई

समापन समारोह का सीधा प्रसारण हाइब्रिड एवं वर्चुअल माध्यम से किया गया, जिसके जरिए प्रदेशभर के विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों तथा संबंधित एजेंसियों को जोड़ा गया। कार्यक्रम में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विभागों के अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ अभिमन्यु व नशा मुक्त भारत अभियान के मॉस्टर वालंटियर राहुल शर्मा ने नशे की रोकथाम को लेकर अपना महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को नशे की रोकथाम को लेकर शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर सेवा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर नसीब फोगाट, उपनिदेशक विशाल सैनी, डॉ दलबीर सैनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी महावीर गोदारा, सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत, मनदीप मलिक, चंद्र प्रकाश बोसती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का हिसार पहुंचने पर अग्रसेन भवन में हुआ अभिनंदन

# किसी घुसपैठिए को वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी : अर्चना गुप्ता

- कहा- 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' की रणनीति पर काम करें वर्कर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की मजबूती के लिए काम करें, अपने बूथ को मजबूत रखें और 'बूथ जीता तो चुनाव जीता' की रणनीति पर काम करें। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गुप्ता शुक्रवार को अग्रसेन भवन में उनके सम्मान में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर शहर के विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा, जयघोष और उत्साहपूर्ण स्वागत के बीच उनका अभिनंदन किया गया।

समारोह में प्रदेशाध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मतदाता सूची के (एसआईआर) अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घरों और कार्यालयों से निकलकर सीधे जनता के बीच जाएं तथा मतदाता सूची को शुद्ध और सटीक बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जिन मतदाताओं का निधन हो चुका है और उनके नाम अभी भी मतदाता सूची में दर्ज हैं, उन्हें हटवाने का कार्य किया जाए। साथ ही जो पात्र नागरिक अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं, उनके नाम जुड़वाने में भी कार्यकर्ता सहयोग करें। घुसपैठियों के मुद्दे पर प्रदेश अध्यक्ष ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी घुसपैठिए को वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी और भाजपा का हर कार्यकर्ता इस अभियान में पूरी जिम्मेदारी के साथ भागीदारी करेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में केवल पात्र और वैध नागरिकों के नाम ही होने चाहिए।



हिसार। साड़ी व्यापार एसोसिएशन की तरफ से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत एसोसिएशन के अध्यक्ष नितेश डालमिया और महामंत्री सुरेंद्र लाहौरिया।

### कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा बनी सबसे बड़ी पार्टी

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को साकार करते हुए वैश्विक मंच पर अपनी पहचान नई ऊंचाइयों तक पहुंचाई है। आज भारत केवल दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाला देश नहीं, बल्कि विश्व को नई दिशा दिखाने वाला राष्ट्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी को यहां तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र पर कार्य कर रही है।

### डॉ. अर्चना के नेतृत्व में संगठन होगा और सशक्त

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं गतिशील होगा। पार्टी कार्यकर्ता संगठन के प्रति समर्पित है और संगठन की मजबूती के लिए दिन रात कार्य कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि हिसार में प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न वर्गों में भारी उत्साह दिखाई दिया है। यह उत्साह वह भाजपा के प्रति जनता के गहरे विश्वास का प्रमाण है। समारोह को विधायक सावित्री जिंदल, विधायक रणधीर पनिहार, मेयर प्रवीन पोपली, जिला प्रभारी जवाहर सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व विधायक जोगीराम सिहाग, चेयरमैन रवि सैनी, चेयरमैन रविन्द्र रॉकी, सुजीत कुमार आदि मौजूद थे।



बरवाला। बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में गंभीरता से कार्य करें वर्करः बृजलाल

- मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान बारे बरवाला में कार्यकर्ताओं की बैठक ली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला**

कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा है कि बूथ स्तर पर एसआईआर अभियान को पूरी मजबूती से चलना है एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान कांग्रेस संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ बूथ स्तर पर कार्य करे तथा यह सुनिश्चित करे कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे।

बृजलाल बहबलपुरिया शुक्रवार को बरवाला से प्रत्याशी रहे भूपेंद्र सिंह गंगवा की ओर से बरवाला के वार्ड 6 स्थित रविदास धर्मशाला में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रत्येक बूथ पर पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न दें तथा जनता के बीच रहकर अभियान को पूरी मजबूती के साथ सफल बनाएं। इस मौके पर राजेश श्योकंद, मुकेश गर्ग, सज्जन सिंह गैबीपुर, काला खान, डॉ. करतार सिंह वाल्मीकि, वज़ीर सिंह भुक्कल, लेखराज कुरड़िया, प्रताप रंगा, बंटू भानकोर, पूर्व पार्षद रोहतास, पाला राम भुक्कल आदि उपस्थित रहे।

## उज्बेकिस्तान की कंपनी में हुआ हकृवि के छात्र रमनदीप का चयन



- 13 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेगा वार्षिक वेतन

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र रमनदीप का उज्बेकिस्तान स्थित इंडोरामा एग्रो एलएलसी में फील्ड ऑपरेशन लीड (जोनल मैनेजर) पद पर चयन हुआ है। चयनित छात्र को 13 हजार अमेरिकी डॉलर वार्षिक वेतन दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने रमनदीप को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। प्रो. काम्बोज ने बताया कि विदेश में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी में छात्र का चयन होना विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमाण है। रमनदीप की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी तथा उन्हें वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसरों की और अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करेगी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने तथा विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि इंडोरामा एग्रो एलएलसी एक अंतरराष्ट्रीय अग्रणी कंपनी है, जो विभिन्न देशों में खाद्य उत्पादों के निर्यात के क्षेत्र में कार्यरत है। सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि पिछले साल इस कंपनी में छह विद्यार्थी इंटर्नशिप करने गए थे। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल व एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।



हिसार। प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण करते कुलसचिव डॉ. विजय कुमार। *फोटोः हरिभूमि*

## गुजवि में 359 ने दी इंटीग्रेटेड बीसीए-एमसीए की प्रवेश परीक्षा

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षण खंड-7 में शुक्रवार को इंटीग्रेटेड बीसीए-एमसीए पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इंटीग्रेटेड बीसीए-एमसीए कार्यक्रम की कुल 180 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 547 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 359 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में उपस्थित हुए। ऐसे में 188 अभ्यर्थियों ने परीक्षा देने में रूचि नहीं दिखाई। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले से ही सुनिश्चित की गई थी। विभागाध्यक्ष प्रो. ओपी सांगवान ने बताया कि बीसीए-एमसीए में दाखिले के लिए प्रथम काउंसलिंग का आयोजन 2 जुलाई को विश्वविद्यालय के शिक्षण खंड-6 में किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला भी उनके साथ उपस्थित रहे।

## उतम नगर में सीवरेज ओवरफ्लो कॉलोनी वासियों ने किया प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी**

एसबीआई बैंक के पीछे उत्तम नगर कॉलोनी की गली नंबर-2 में पिछले पांच-छह महीनों से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से परेशान कॉलोनीवासियों का शुक्रवार को सब्र का बांध टूट गया। लोगों ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल्द समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि सीवरेज का गंदा पानी लगातार सड़क पर बह रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदबू और गंदगी के कारण आसपास रहने वाले परिवारों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है। स्थानीय विधायक को भी स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



### लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

बाइक एजेंसी के नितिन बल्हारा ने बताया कि सड़क पर फैले गंदे पानी के कारण उनकी एजेंसी पर आने वाले ग्राहकों को सबसे अधिक परेशानी होती है। कई बाइक सवार फिसलकर गिर चुके हैं और चोटिल भी हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारियों को बार-बार शिकायत देने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिलता रहा है। इस संबंध में जब जन स्वास्थ्य विभाग के जूनियर इंजीनियर योगेश धमीजा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह मामला आज ही उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को मौके पर भेजकर सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मलकीत, ऋषि, दिलीप, नवीन सैनी, जोगिंदर सैनी सहित काफी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।



## छात्रों ने नशा न करने का लिया संकल्प

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति एवं नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम दिवस के अवसर पर दिव्यांग अधिकार पुनर्वास ट्रस्ट की ओर से जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नागरिक अस्पताल के मनो चिकित्सक डॉ. प्रशांत रहे। उन्होंने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार, राजकीय महाविद्यालय, हिसार, एफजीएम कॉलेज, आदमपुर तथा डीएन कॉलेज, हिसार के बीएससी, एमए एवं एमएससी मनोविज्ञान के प्रथम एवं अंतिम वर्ष के इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। अपने व्याख्यान में डॉ. प्रशांत ने नशीले पदार्थों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभी छात्र-छात्राओं ने डॉ. प्रशांत एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ मिलकर नशा न करने एवं नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दिव्यांग अधिकार पुनर्वास ट्रस्ट के अध्यक्ष राजपाल सिंह बासनीवाल द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. प्रशांत को पर्यावरण संरक्षण एवं सम्मान के प्रतीक स्वरूप पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## राजस्व विभाग के स्टाफ ने ली इंतकाल की ट्रेनिंग

- प्रशिक्षण कार्यशाला में मौजूद रहे एसडीएम व तहसीलदार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद**

सरकार के रेवेन्यू विभाग की ओर से इंतकाल प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से नारनौंद के मॉडल स्कूल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में एसडीएम और तहसीलदार की अध्यक्षता में तहसील के सभी कानूनगो व पटवारियों ने हिस्सा लेकर ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

कार्यशाला के दौरान रेवेन्यू अधिकारियों ने पटवारियों को इंतकाल दर्ज करने की ऑनलाइन प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन और नए सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की बारीकियों से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि सरकार का लक्ष्य हर इंतकाल को 10 दिन के भीतर पूरा करना है, ताकि किसानों को जमीन से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

### गलती से किसान को होता है नुकसान

इस मौके पर एसडीएम विकास यादव ने कहा कि /"इंतकाल जमीन का सबसे महत्वपूर्ण रिकॉर्ड होता है। इसमें देरी या किसी प्रकार की गलती होने से किसान को सीधा नुकसान होता है। आज की ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य पटवारियों को नई व्यवस्था से अपडेट करना है। हम चाहते हैं कि इंतकाल में मानवीय गलती की गुंजाइश खत्म हो और काम तय समय सीमा में हो। तहसीलदार ने कहा कि नई ट्रेनिंग के बाद पटवारी अब तकनीकी रूप से दक्ष होंगे और इंतकाल की फाइलें तेजी से निपटेंगी।

### प्रशिक्षण में पटवारियों ने जानी नई व्यवस्था

ट्रेनिंग में शामिल पटवारियों ने बताया कि ऑनलाइन सिस्टम की जानकारी मिलने से काम में आसानी होगी। पहले कागजी कार्रवाई में समय ज्यादा लगता था, अब डिजिटल रिकॉर्ड से पारदर्शिता बढ़ेगी।

### जानें... क्या है इंतकाल

इंतकाल जमीन की खरीद-बेच, विरासत, बंटवारे या उपहार के बाद रेवेन्यू रिकॉर्ड में नाम बदलने की प्रक्रिया है। इंतकाल मंजूर होने के बाद ही नए मालिक का नाम जमाबंदी में दर्ज होता है।



हिसार। प्रेरक व्याख्यान में उपस्थित वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न क्लब के सदस्य।

## वानप्रस्थ में 'वृद्धावस्था में तनाव प्रबंधन' विषय पर प्रेरक व्याख्यान

# स्वस्थ, तनावमुक्त और हमेशा प्रसन्न रहें : डॉ. प्रज्ञा कौशिक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

यह ज़िंदगी न मिलेगी दोबारा, इसलिए इसे फिर से जीना सीखिए। इसी संदेश के साथ वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न्स क्लब में 'वृद्धावस्था में तनाव प्रबंधन' विषय पर प्रेरक व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रज्ञा कौशिक ने कहा कि वृद्धावस्था जीवन का स्वाभाविक चरण है। सकारात्मक सोच, अनुशासित जीवनशैली, योग, ध्यान, संगीत, मित्रों से संवाद तथा नई रुचियों को अपनाकर तनावमुक्त एवं संतुलित जीवन जिया जा सकता है। डॉ. कौशिक ने कहा कि तनावमुक्त रहें, स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें। उन्होंने अपनी 76 वर्षीय माता



का उदाहरण देते हुए बताया कि हिसार के विशेषज्ञ चिकित्सकों के उपचार, सकारात्मक सोच, नियमित योग, सैर और अनुशासित दिनचर्या के कारण कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर भी विजय पाई जा सकती है।

कैलिफ़ोर्निया से आईं मनोचिकित्सक डॉ. विदुषी सावंत ने व्हील ऑफ़ बैलेंस के आठ सूत्रों पर प्रकाश डालते हुए शरीर की जैविक घड़ी को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। उन्होंने कहा कि समय पर सोना, जागना और भोजन करना मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

डॉ. सत्य सावंत ने कहा कि आयुर्वेद, एलोपैथी और होम्योपैथी तीनों चिकित्सा पद्धतियाँ उपयोगी हैं तथा इनके बीच संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में स्वागत करते हुए क्लब के महासचिव डॉ. जे. के. डांग ने कहा कि आयु केवल एक संख्या है, जबकि जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण ही हमें युवा बनाए रखता है। अध्यक्ष डॉ. एस. के. अग्रवाल ने तीनों वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## हिमांशी का जूनियर कॉर्फबॉल नेशनल्स के लिए चयन



**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्रा हिमांशी का चयन हरियाणा टीम में जूनियर कॉर्फबॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 26 जून से 28 जून तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू), पंजाब में आयोजित की जाएगी। हिमांशी ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन से विद्यालय, अभिभावकों तथा समस्त क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिवार ने उनकी इस सफलता को छात्राओं के लिए प्रेरणादायक बताया है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु ने हिमांशी की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी विद्यालय की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं।